प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एक हजार पांच सौ तिरसठ नीट–यूजी 2024 छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया गया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेंसी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाएंगे। इस बीच सरकार ने परीक्षा में किसी भी तरह की गड्बडी के आरोपों से भी इनकार किया है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक में राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान के जीवन्त स्मारक को नमन किया और मां भारती की सेवा और भारत की अखंडता सुनिश्चित करने वाले सभी वीर बलिदानियों को याद किया।

****

देश में तीन नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। मीडिया प्रतिनिधियों को इन तीनों नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से अवगत कराने और इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए आज रांची स्थित प्रेस क्लब में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम वार्तालाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अशोक आर पाटिल, पीआईबी रांची के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा, मीडिया और संचार अधिकारी राजेश सिन्हा, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय, सीबीसी डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर और रांची के सिटी डीएसपी कुमार वेंकटेश रमन मुख्य रुप से शामिल हुए।

****

खूंटी में वन प्रमंडल हाथियों की प्यास बुझाने के लिए जगह जगह तालाब और चेक डैम का निर्माण करवा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता –

साउंड बाईट – ज्योत्सना शीला, खूंटी –45 सेकेंड

****

चतरा से भाजपा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने राज्य सरकार पर उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में आज एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि केन्द्र सरकार ने इस बहुद्देशीय सिंचाई परियोजना के लिए ढ़ाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य सरकार को काफी पहले ही दे दी है। इसके बावजूद मुआवजे की राशि का वितरण नहीं होना राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट करती है। उन्होंने इस परियोजना के पूरा होने से झारखंड और बिहार को होने वाले फायदे का भी जिक्र किया।

****

साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गिरिडीह जिले से पांच कुख्यात साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 19 मोबाइल फोन, 29 सिम, 20 आधार कार्ड, एटीएम और लैपटॉप सहित कई अन्य सामान बरामद किए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि ये अपराधी फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगते थे। इन अपराधियों में दो देवघर और तीन गिरिडीह के रहने वाले हैं।

****

झारखंड भीषण गर्मी की चपेट में है। लू से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने लोगों को बेवजह घर से नहीं निकलने का आग्रह किया है। विभाग ने आज और कल के लिए पलामू और कोल्हान प्रमंडल में हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। बाकी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*********समाप्त*********